**मनमानी** | मां शारदा टेकरी पर चल रहे कार्य में हो रही लूट, पहली बारिश में ही इसके जमींदोज होने की आशंका

# जिम्मेदार गायब, घटिया निर्माण पर उठ रहे सवाल






**डिंडौरी,नवभारत 2 दिसंबर।** नगर के वार्ड क्रमांक-1 स्थित मां शारदा टेकरी में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कराया जा रहा लाखों का निर्माण कार्य इन दिनों सवालों के घेरे में है। परियोजना जितनी 'कागज़ों पर मजबूत' दिखाई देती है, ज़मीन पर उसका उतना ही 'खस्ता हाल' चेहरा सामने आ रहा है। सबसे बड़ी बात निर्माण स्थल पर जिम्मेदारों की पूरी फौज नदारद रहती है।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर जब नवभारत प्रतिनिधि स्थल पर पहुंचे, तो हालात देखकर किसी को भी लग सकता था कि यह कोई सरकारी परियोजना नहीं, बल्कि 'मनमानी का ओपन थिएटर 'चल रहा है। मौके पर न सूचना पटल, न रकम का विवरण, न कार्य अवधि का ज़िक्र और न ही कोई अधिकारी। ठेकेदार या उसका कोई सक्षम कर्मचारी भी मौजूद नहीं था जो जानकारी दे सके।

### नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

निर्माण में गुणवत्ता की बात तो जैसे मज़ाक बनकर रह गई है। जगह-जगह मिट्टी-धूल मिक्स गिट्टी, फर्श के लिए 10 एमएम की जगह 8 एमएम सरिया और जाल बिछाने में खुली फाइल जैसी लापरवाही साफ दिख रही है। ऐसे निर्माण की उम्र कुछ साल नहीं, बल्कि शायद मौसम का पहला झोंका ही तय करेगा। नगरवासी आशंका जता रहे हैं कि यह निर्माण जल्द ही जमींदोज होने की स्थिति में पहुंच जाएगा।

### जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह विकास नहीं, बल्कि 'विकास के नाम पर विकृति' है। प्रशासन यदि समय पर संज्ञान नहीं लेता, तो यह घपला आने वाले समय में बड़ा विवाद खड़ा कर सकता है।

**इनका कहना है**

कलेक्टर डिंडोरी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग डिंडोरी और हमारे निकाय के उपयंत्री के साथ मैंने भी मौक़े का निरिक्षण किया, जहां व्यापक स्तर पर खामियां नजर आई। इसी बीच हमने निर्माण कार्य देख रहे इंजीनियर से फोन पर संपर्क किया तो वह जिले से बाहर थे। बाकी आगे की कार्यवाही कर जांच रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कि जायेगी।

**अमित तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिंडोरी**



# दिव्यांग महिला ने पीएम आवास की उठाई मांग

**जनसुनवाई में आए 54 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

**डिंडौरी, नवभारत 2 दिसंबर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान के निर्देश जारी किए।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने कुल 54 आवेदन प्रस्तुत किए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हुआ, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित कर आवेदकों को आश्वासन प्रदान किया गया। ग्राम समनापुर की 44 वर्षीय दिव्यांग महिला पूनम ने प्रधानमंत्री आवास एवं ट्राइसाईकिल की मांग की। उन्होंने बताया कि वह पैरों से चलने-फिरने में असमर्थ हैं और हाल ही में उनके पति का निधन हो गया। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राथमिकता से मामले की जांच कर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति 25 पेड़ों को काटने की शिकायत**-कृषक ग्राम लूटगांव के निवासी रेखचंद ने हाईटेंशन लाइन निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति लगभग 25 पेड़ों के कटने की शिकायत की। कलेक्टर ने राजस्व एवं विद्युत विभाग को जांच कर पेड़ और फसल के नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम छांटा माल की एक आवेदिका ने प्रधानमंत्री आवास की किस्त पति की मृत्यु के बाद उनके खाते में स्थानांतरित न होने की शिकायत दर्ज कराई। संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई कर राशि उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

## एक नजर में



### संदीपनि विद्यालय अमरपुर में गीता महोत्सव

**अमरपुर नवभारत 2 दिसंबर।** सांदीपनि विद्यालय अमरपुर में जिला डिंडोरी में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष हन्नु सिंह रहे तो वही अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिव भजन सिंह परस्ते के द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इस्कॉन अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसाइटी से संबंध एनआईटी भोपाल के छात्र अमन कुमार, राज यादव, गुलाब सिंह ठाकुर, विश्व गीता प्रतिष्ठानम के विकासखंड समन्वयक सरपंच रामनाथ उद्दे, संजय जांघेल, राजेश कछवाहा, राजेश सोनी, खेमराज कछवाहा, साहब लाल पूषाम, राम प्रसाद गुप्ता, अमरू ठाकुर एवं उनकी भजन मंडली के सदस्य सहित प्राचार्य व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।



### पर्यटकों की संख्या में 13 फीसदी बढ़ोतरी

**चिल्हारी नवभारत 2 दिसंबर।** जिले के प्रसिद्ध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान का नया पर्यटन सत्र इस वर्ष विशेष रूप से उत्साहजनक साबित हो रहा है। उद्यान प्रबंधन के अनुसार, अक्टूबर और नवंबर में सैलानियों की संख्या में पिछले साल की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीटीआर क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि वर्ष 2024 के अक्टूबर में कोर क्षेत्र में 13,323 भारतीय और 1,331 विदेशी पर्यटक आए, जबकि बफर क्षेत्र को 928 देशी और 44 विदेशी पर्यटक मिले, जिससे कुल सैलानी संख्या 15,626 रही। वहीं, नवंबर 2024 में कोर क्षेत्र में 14,666 भारतीय और 3,013 विदेशी, बफर क्षेत्र में 2,964 देशी और 99 विदेशी पर्यटक शामिल होकर कुल 20,742 पर्यटक उद्यान का आनंद लेने पहुंचे।

**आकर्षित कर रही प्राकृतिक सुंदरता**-वर्ष 2025 के अक्टूबर में कोर क्षेत्र में 14,999 देशी और 1,697 विदेशी तथा बफर क्षेत्र में 3,985 देशी और 143 विदेशी पर्यटक पहुंचे, जबकि नवंबर में कोर क्षेत्र में 15,425 देशी और 3,366 विदेशी और बफर क्षेत्र में 1,553 देशी व 151 विदेशी पर्यटक शामिल हुए। इस प्रकार, इस वर्ष की इसी अवधि में कुल 41,319 पर्यटक बांधवगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचे, जिनमें 36,962 भारतीय और 5,357 विदेशी शामिल हैं। डॉ. सहाय ने कहा, यह वृद्धि उद्यान के पर्यटन आकर्षण और संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाती है। बांधवगढ़ की वन्यजीवन और प्राकृतिक सुंदरता ने देश-विदेश के पर्यटकों को इस बार भी खूब आकर्षित किया है।

### हर्ष खंडेलवाल का अब तक कोई सुराग नहीं

**चिल्हारी नवभारत 2 दिसंबर।** मानपुर नगर के 22 वर्षीय युवक हर्ष खंडेलवाल उर्फ कान्हा का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। जिससे परिवार और पुलिस दोनों ही चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि हर्ष 29 नवंबर की रात करीब आठ बजे बाइक से विवाह समारोह में जाने के निकला था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने तुरंत गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। साइबर सेल द्वारा युवक के मोबाइल की अंतिम लोकेशन ब्लॉक ऑफिस क्षेत्र की पाई गई है।

# 2 वर्षों से चेक डैम में नहीं लग पाया गेट, व्यर्थ बह रहा पानी

**ग्राम पंचायत भैंसवाही में कलेक्टर के आदेश की अवहेलना, सीईओ ने लिया मामले का संज्ञान**

**अमरपुर नवभारत 2 दिसंबर।** किसानों एवं वन्यजीवों के हित को देखते हुए कलेक्टर डिंडोरी अंजू पवन भदोरिया द्वारा समय सीमा की बैठक में आरईएस विभाग के जिम्मेदारों को निर्देश जारी किए गए थे कि डिंडोरी जिले के अधीनस्थ समस्त स्टॉप डैम व चेक डैम में 48 घंटे के अंदर गेट लगाए जाएं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना कर रहे है।



गेट लगने से चेक डैम एवं स्टॉप डैम में वन्यजीवों को पीने के लिए पानी एवं किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके, साथ ही पानी की उपलब्धता निरंतर बनी रहेगी। कलेक्टर के आदेश पर अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंस वाही के जिम्मेदार अमल नहीं कर रहे हैं और न ही चेक डैम में गेट लगाने के प्रयास होते दिख रहे।

**पंचायत सचिव सहित अन्य अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**- इससे स्पष्ट होता है कि कलेक्टर का आदेश पंचायत सचिव सहित अन्य जिम्मेदारों के ऊपर प्रभाव नहीं रखता, तस्वीर देखकर तो ऐसा ही प्रतीत होता है। बता दें ग्राम पंचायत भैंस वाही के दतला नाला में सन 2023-24 मैं 14 लाख 88 हजार रुपए की लागत से चेक डैम निर्माण कार्य पंचायत के द्वारा कराया गया चेक डैम निर्माण कार्य पूर्ण करने के बावजूद पंचायती जिम्मेदार चेक डैम में गेट लगाना जरूरी नहीं समझा और लगभग 2 वर्षों से चेक डैम में गेट नहीं लगने के चलते पानी व्यर्थ ही बह रहा है।

**पंचायत की लापरवाही की ग्रामीणों ने खोली पोल**-ग्राम पंचायत भैंस वाही के ग्रामीणों के द्वारा बतलाया गया कि ग्राम पंचायत के द्वारा सन 2023 -24 में चेक डैम का निर्माण कार्य कराया था लेकिन आज तक इस चेक डैम में गेट नहीं लगने से हर दिन पानी व्यर्थ ही बहता रहा है। अगर ग्राम पंचायत के द्वारा चेक डैम में गेट लगा दिया जाए तो दतला नाला में पानी पर्याप्त मात्रा में भरा रहेगा, जिससे हम छोटे किसानों को पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। खेतों में नमी बनी रहेगी, साथ ही मवेशियों को पीने के लिए पानी मिलता रहेगा।

**झिलमिला पंचायत ने नहीं किया आदेश का पालन**-एक ओर जहां कलेक्टर डिंडोरी के आदेश का पालन अमरपुर जनपद क्षेत्र की अनेक पंचायत करती हुई नजर आ रही है, तो वहीं ग्राम पंचायत झिलमिला में ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि यहां बने स्टॉप डैम में आज दिनांक तक गेट नहीं लगाए गए हैं। जहां किसानों को खेती के लिए उपलब्ध रहने वाला पानी व्यर्थ ही बह रहा है। ग्रामीणों द्वारा यह भी बताया गया कि उनके द्वारा समय से पहले स्टॉप डैम में गेट लगाने के लिए पंचायत में कहा गया, लेकिन ग्रामीणों की मांग को हर बार पंचायत द्वारा अनसुना किया जा चुका है।

**इनका कहना है**

आदेश के मुताबिक जितनी जगह भी गेट खुले हुए हैं सभी जगह गेट लगवाए जाएंगे।

**लोकेश नानोरे, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर**

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मृत मिला तेंदुआ

**डॉग स्क्वॉड एवं फोरेंसिक टीम कर रही जांच**

**चिल्हारी नवभारत 2 दिसंबर।** जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सोमवार को एक तेंदुआ के शावक का शव मिला है। घटना मानपुर बफर के मझखेता बीट की है। जानकारी के बाद घटनास्थल को सुरक्षित किया गया।



निर्धारित प्रक्रिया अनुसार डॉग स्क्वॉड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आसपास के वन क्षेत्र के छानबीन की कार्यवाही की गई। कोई भी आपत्तिजनक चीज प्राप्त नहीं हुई। पोस्टमार्टम की कार्यवाही वन्यजीव चिकित्सकों के द्वारा किया गया है तथा आवश्यक नमूने संग्रहित किए गए है। उल्लेखनीय है कि वन्यजीव तेंदुआ के शावक का सिर, पूंछ, पैर के हिस्से एवं आंत का कुछ भाग प्राप्त हुआद्ध शेष भाग वन्य प्राणी द्वारा खाया जाना प्रतीत होने से नहीं पाये गये।

**वन अपराध का प्रकरण दर्ज** - शव के पास बाघ तथा तेंदुआ के पदचिन्ह भी पाए गए। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शव दहन की कार्यवाही क्षेत्र संचालक, नायब तहसीलदार, एनटीसीए के प्रतिनिधि, वन्यजीव विशेषज्ञ व अन्य की उपस्थिति में की गई। उपरोक्त समस्त कार्यवाही के फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है

# शिवकुमार पर चाकू से हमला, हालत नाजुक

**हमले का कारण नशे से जुड़ा विवाद बताया जा रहा**

**नवभारत नौरोजाबाद 2 दिसंबर।** नौरोजाबाद के छादा वार्ड नंबर 6 निवासी 52 वर्षीय शिवकुमार पर एक युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार



आरोपी युवक दानी यादव, जो नशे की हालत में था, उसने अचानक शिवकुमार पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले का कारण नशे से जुड़ा विवाद बताया जा रहा है। फिलहाल घायल शिवकुमार की हालत नाजुक बनी हुई है और जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है।

### आरोपी ने नशे की हालत में किए कई वार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दानी यादव पूरी तरह नशे में चूर था और उसने बिना किसी रोक-टोक के शिवकुमार को कई वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद पुलिस स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां घायल शिवकुमार से घटना की पूरी जानकारी ली। नौरोजाबाद पुलिस द्वारा आरोपी दानी यादव द्वारा प्राण घातक हमला करने पर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# शिलालेख विवाद से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**शहपुरा में जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से की शिकायत, कहा- लोकतांत्रिक परंपराओं का किया उल्लंघन**

**डिण्डौरी/शहपुरा नवभारत 2 दिसंबर।** जनपद पंचायत शहपुरा क्षेत्र में आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल का पालन नहीं किए जाने को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है।

मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल एवं अन्य निर्वाचित सदस्य कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपने पहुंचे। प्रतिनिधियों ने बताया कि 25 से 28 नवंबर के बीच शहपुरा क्षेत्र में



आयोजित सरकारी कार्यक्रमों की न तो उन्हें पूर्व सूचना दी गई और न ही कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए शिलालेखों में उनके नाम प्रोटोकॉल के अनुसार दर्ज किए गए। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों के सम्मान और लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन बताया।

**मामला व्यक्तिगत असहमति का नहीं : परस्ते**-जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते ने स्पष्ट किया कि मामला किसी व्यक्तिगत असहमति का नहीं है, बल्कि राजपत्रित प्रोटोकॉल की अनदेखी का संगठित रूप है। नियमों के अनुसार शिलालेखों पर जिला प्रभारी मंत्री, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, संबंधित जिला और जनपद सदस्य, साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उपसरपंच के नाम दर्ज होना अनिवार्य है।

**शिलालेख 7 दिन के भीतर संशोधित किए जाएं : सरोज**-जनपद सदस्य सरोज परस्ते ने सवाल उठाया कि क्या यह विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के निजी काम के रूप में मनमानी है। उनका कहना था कि यह पूर्णत: सरकारी कार्य है और सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नामों को शामिल किया जाना चाहिए। प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मांग की कि गलत तरीके से लगाए गए शिलालेख सात दिन के भीतर संशोधित किए जाएं और भविष्य में सभी कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल अनुपालन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। शहपुरा क्षेत्र में यह मामला अब राजनीतिक सरगर्मी का केंद्र बन गया है।

# अब नए हेलीपैड से उड़ेंगे पीएमश्री के हेलीकॉप्टर

**टाइगर रिजर्व के पास नए हेलीपैड के निर्माण की प्रक्रिया पर प्रशासन कर रहा विचार**

**चिल्हारी नवभारत 2 दिसंबर।** जिले में हाल ही शुरू हुई पीएमश्री वायु पर्यटन सेवा को सुचारू और सुरक्षित तरीके से संचालित करने जिला प्रशासन ने नई पहल शुरू कर दी है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) के पास नए हेलीपैड के निर्माण की प्रक्रिया पर गंभीरता से काम किया जा रहा है।

दरअसल, वर्तमान में उपयोग में लाया जा रहा गुरूवाही हेलीपैड, टाइगर रिजर्व के कोर जोन से मात्र 700 मीटर की दूरी पर स्थित है, जो पर्यावरणीय नियमों के मुताबिक उपयुक्त नहीं माना जाता। यह स्थान ईको सैंसिटिव जोन में आता है। ऐसे में यहां नियमित या वाणिज्यिक उड़ानों की अनुमति पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 तथा उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत संभव नहीं है।

**कोर-बफर जोन में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक**-सुप्रीम कोर्ट एवं पर्यावरण नियमों के अनुसार जंगल के कोर व बफर क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में वाणिज्यिक खनन, प्रदूषणकारी उद्योग, नए होटल रिसॉर्ट, और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

# हितग्राहियों को प्रदान किए सहायक उपकरण

**जनपद पंचायत बजाग में ट्राइसाईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित**

**डिंडोरी/बजाग, नवभारत 2 दिसंबर।** दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बजाग में मंगलवार क़ो ट्राइसाईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत पात्र हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनके दैनिक जीवन में सुगमता और गतिशीलता बढ़ सके।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बजाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद बजाग रामबाबू देवांगन ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी दिव्यांग व्यक्ति गतिशीलता के



अभाव में पीछे न रह जाए। उन्होंने बताया कि ट्राइसाइकिल उपलब्ध होने से दिव्यांगजन शिक्षा, रोजगार और दैनिक कार्यों में अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

**चलने-फिरने में मिलेगी सहूलियत**-ट्राइसाईकिल प्राप्त कर लाभार्थियों ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके जीवन में नई उम्मीद और सुविधा लेकर आई है। इससे उन्हें न केवल चलने-फिरने में सहूलियत मिलेगी बल्कि सामाजिक सहभागिता में भी वृद्धि होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में जिन पात्र हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई, उनमें—कुंवरमन कुरचाम / दुर्गा सिंह, निवासी ग्राम तरच, ग्राम पंचायत भुरसी। राकेश रैदास / बाबूलाल, निवासी ग्राम पंचायत गाडासरई शामिल हैं।

## कबीर मेला कल, कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

**चिल्हारी।** कबीर मेला के अवसर पर 4 दिसंबर को बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व ताला स्थित कबीर गुफा में भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने मेले की समस्त तैयारियां समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने संयुक्त रूप से श्रध्दालुओं के लिए कबीर गुफा तक पहुंचने वाले मार्गों का अवलोकन किया। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश का समय, वापसी का समय, साफ सफाई व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# सांदीपनि विद्यालय नरिया के बच्चों का अभिनव प्रयास

**बच्चों द्वारा हस्तलिखित मासिक समाचार पत्र का 18वां संस्करण विमोचित**

**डिंडौरी, नवभारत 2 दिसंबर।** जिले के सांदीपनि विद्यालय नरिया में शैक्षिक नवाचार का अनूठा उदाहरण देखने को मिला है, जहां विद्यार्थी स्वयं प्रतिमाह हस्तलिखित समाचार पत्र तैयार करते हैं।

जिले के चुनिंदा विद्यालयों में शामिल इस संस्था में बच्चों को लेखन, अनुसंधान और अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने के उद्देश्य से यह पहल वर्षों से सतत जारी है। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए ये मासिक अख़बार न केवल उनकी रचनात्मकता को विस्तार देते हैं बल्कि सामाजिक-राष्ट्रीय मुद्दों की समझ भी मजबूत करते हैं।



### चार सदनों के समाचार पत्रों का हुआ विमोचन

विद्यालय के 18वें संस्करण का नवंबर माह का हस्तलिखित समाचार पत्रों का विमोचन बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इसमें सांदीपनि प्रकाश, ताप्ती एक्सप्रेस, चम्बल एक्सप्रेस और नर्मदा एक्सप्रेस नामक चारों सदनों के समाचार पत्रों का अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मेकलसुता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी सदस्य डॉ. बिहारीलाल द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश धुर्वे, बीआरसी अरुण चौबे, पूर्व प्रधान पाठक सुरेंद्र सिंह मेहदेले, संकुल प्राचार्य शाहपुर शहीद खान, संस्था प्राचार्य वंश बहोर द्विवेदी, प्रधान पाठक प्रवीण सोनकिया आदि उपस्थित रहे।

### 81 विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

अतिथियों को संबोधित करते हुए डॉ. द्विवेदी ने विद्यालय की इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि सांदीपनि विद्यालय नरिया जिले में नवाचार का प्रतीक बन चुका है। शिक्षकों की मेहनत से बच्चों में अनुशासन, अभिव्यक्ति और अध्ययन की गुणवत्ता निरंतर बढ़ रही है। कार्यक्रम में नवंबर माह के 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले केजी से 8वीं तक के 81 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।